पत्र संख्या:अपर आयुक्त(पुलिस)/ पुलिस कर्मी सेवा अभिलेख // 2022-23// 247 //राज्य कर

कार्यालय आयुक्त राज्य कर, उ0प्र0, लखनऊ
(पुलिस-कैम्प)

दिनॉक :: लखनऊ :: 26 जुलाई, 2022

समस्त अपर आयुक्त ग्रेड-2(वि0 अनु0शा0)
राज्य कर उत्तर प्रदेश।

प्राय: यह देखा जा रहा है कि राज्य कर विभाग से अपनी प्रतिनियुक्ति अवधि पूर्ण कर मूल विभाग को वापस जा चुके पुलिस कर्मियों के सेवा अभिलेख (चरित्र पंजिका, जी0पी0एफ0 पॉस बुक, एन0पी0एस0 पॉस बुक व अन्य) को उनके मूल तैनाती जनपद को समय से वापस प्रेषित नहीं किया जा रहा है,जिससे कारण पुलिस कर्मियों के पदोन्नोति / ए0सी0पी0 आदि की कार्यवाही हेतु उनके जनपद से सेवा अभिलेख उपलब्ध कराये जाने हेतु राज्य कर मुख्यालय से बार-बार पत्राचार किया जाता है। उल्लेखनीय है कि इस कार्यालय द्वारा पूर्व में कई बार वापस जा चुके पुलिस कर्मियों के सेवा अभिलेखो को समय से उनके जनपद प्रेषित कराये जाने के सम्बंध में निर्देशित किया जा चुका है, परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि सम्बंधित कार्यालय / पटल सहायक द्वारा मुख्यालय के पत्रो की अनदेखी की जा रही है जिससे मुख्यालय को अनावश्यक पत्राचार करना पड़ता है। यह स्थिति अत्यन्त ही खेदजनक है।

समसंदर्भ में आपको पुन: निर्देशित किया जाता है कि राज्य कर विभाग से अपनी प्रतिनियुक्ति अवधि पूर्ण कर मूल विभाग को वापस जा चुके पुलिस कर्मियों के सेवा अभिलेखो को अद्यतन कराकर समय से उनके मूल विभाग को प्रेषित कराया जाना सुनिश्चित करें।

(प्रकाश स्वरुप पाण्डेय)
आई0पी0एस0
अपर आयुक्त (पुलिस) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश ,लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या:व दिनांक: उक्त।
प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- समस्त उपायुक्त(प्रशासन)राज्य कर उत्तरप्रदेश।
2- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर मुख्यालय को वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।

अपर आयुक्त (पुलिस) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश ,लखनऊ।